**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 07.07.2026**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

---

- **थाना नरैनी पुलिस द्वारा अवैध गांजे के साथ अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से 1.27 किलोग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा जनपद बांदा को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन ईगल" के क्रम में थाना नरैनी पुलिस द्वारा अवैध सूखे गांजे के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है । गौरतलब हो कि दिनांक 06.07.2026 की देर रात्रि थाना नरैनी पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त सुरेन्द्र पुत्र कल्लू निवासी चन्द्रनगर थाना नरैनी जनपद बांदा को पनगरा नहर पुलिया के पास से अवैध सूखे गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया है। तलाशी के दोरान अभियुक्त के कब्जे से कुल 01 किलो 270 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ है। पुलिस द्वारा बरामद अवैध सूखे गांजे को कब्जे में लेकर अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को मा0 न्यायालय भेजा गया।

**बरामदगी-**

- 01 किलो 270 ग्राम अवैध सूखा गांजा।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. सुरेन्द्र पुत्र कल्लू निवासी चन्द्रनगर थाना नरैनी जनपद बांदा।

**पंजीकृत अभियोग-**

- मु0अ0सं0 173/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना नरैनी जनपद बांदा।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1. उ0नि0 श्री विनोद सिंह
2. कां0 आशू सिंह
3. कां0 शुभम सिंह
4. कां0 अंकित कुमार सिंह